nandgaon times march-30-2.qxd 3/30/2024 12:00 AM Page 1

जनता के दिल में मोदी,मोदी के... पृष्ठ 2 | बागेश्वर धाम में होली मिलन... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शनिवार, 30 मार्च 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 166, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## पीएम मोदी ने बिल गैट्स को दिए अच्छी जीवन शैली के मंत्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ एक खास बातचीत में स्वस्थ रहने के बारे में कुछ उपयोगी सुझाव भी दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में न केवल एआई, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल समावेशन पर चर्चा की, बल्कि उन्हें व्यस्त समय में आंतरिक शांति पाते हुए स्वस्थ रहने के बारे में कुछ उपयोगी सुझाव भी दिए। जब अरबपति ने पीएम मोदी से पूछा कि लगभग चौबीस घंटे काम करने के बावजूद वह इतनी ऊर्जा का स्तर कैसे बनाए रखते हैं, तो प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, मुझे अपने शिक्षकों द्वारा सिखाई गई आध्यात्मिक अभ्यास के माध्यम से आंतरिक शांति मिलती है जो मुझे ऊर्जावान बनाती है। यह ऊर्जा शारीरिक शक्ति से नहीं बल्कि मेरे समर्पण और काम करने की भावना से उत्पन्न होती है। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरा शरीर कम आराम करने का आदी हो गया है। मैं कम घंटे सोता हूं, देर रात तक काम करता हूं, फिर भी जल्दी उठता हूं, तरोताजा महसूस करता हूं। यह आंशिक रूप से हिमालय में बिताए समय से आया है, जहां मैंने सुबह-सुबह नहाना शुरू किया था। परिणामस्वरूप, मुझे आराम करने के लिए पारंपरिक तरीकों की आवश्यकता नहीं है। जब जिज्ञासु गेट्स ने पीएम मोदी से पूछा कि बाजरा वैश्विक स्तर पर शाकाहारी भोजन को देखने के तरीके को कैसे बदल रहा है, तो प्रधानमंत्री ने कहा कि बाजरा को बढ़ावा देना आगे बढ़ने का एक बड़ा तरीका हो सकता है, क्योंकि इसे अपनाने से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा, मैंने बाजरा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। कई प्रतिष्ठित कंपनियां अब बाजरा-आधारित उत्पादों की पेशकश कर रही हैं, इसके मूल्य को बढ़ा रही हैं और इसे ट्रेंडी बना रही हैं। यहां तक ??कि पांच सितारा होटलों ने भी विशेष बाजरा मेनू पेश किए हैं। और यह आजीविका में सुधार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे बताया, बाजरा एक सुपरफूड है। मैंने संयुक्त राष्ट्र के साथ 2023 को बाजरा वर्ष के रूप में मनाया। बाजरा के बहुत फायदे हैं। यह बंजर भूमि में उगता है। इसे न्यूनतम पानी की आवश्यकता होती है और किसी भी उर्वरक की आवश्यकता नहीं होती है।

## एक्जिट पोल पर भारत निर्वाचन आयोग ने लगाया प्रतिबंध, जानिए कब तक ये नियम रहेगा लागू




**रायपुर.** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित लगाया है. आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण को प्रतिबंधित किया है. बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े 6 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने और प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा. आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा.

## मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश, एक महीने में सौंपनी होगी रिपोर्ट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्तार अंसारी की हत्या के मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि तीन सदस्यीय समिति मौत की जांच करेगी। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने दावा किया है कि उनके पिता को जेल में स्लो प्वाइजन दिया गया। इसी तरह का दावा मुख्तार अंसारी के भाई और गाजीपुर के सांसद अफजल अंसारी ने भी किया है, लेकिन अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बता दें कि बीते दिनों मुख्तार अंसारी ने बाराबंकी कोर्ट में एक एप्लिकेशन भी दाखिल किया था। जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसे जेल में खाने में विषैला पदार्थ मिलाकर दिया जा रहा है। अंसारी ने दावा किया कि 19 मार्च को खाना खाने के बाद उनकी नसों और अंगों में दर्द होने लगा। गाज़ीपुर जिले के मोहम्मदाबाद में कालीबाग कब्रिस्तान में अंसारी को सुपुर्द-ए-खाक करने की भी तैयारी जारी है। जिले के एक अधिकारी ने कहा, अंसारी के शव को ले जाने वाला काफिला शुक्रवार की नमाज के बाद अपनी यात्रा शुरू करेगा। पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गई है। इसके अवाला बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने पर भी अंकुश लगा दिया गया है।

## मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में चैत्र नवरात्र की तैयारियां प्रारंभ

### प्रज्जवलित किए जाएंगे ज्योति कलश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक मनाई जाएगी। जिसमें हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित है। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा चन्नूज् ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व व हिन्दू नववर्ष प्रारंभ के अवसर पर चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 9 अप्रैल मंगलवार 17 अप्रैल बुधवार तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है। चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा एकम 9 अप्रैल मंगलवार को



अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी। 13 अप्रैल शनिवार को नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिलिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। माता के दरबार में श्री यंत्र पर आधारित यज्ञ शाला में महाअष्टमी हवन 16 अप्रैल मंगलवार को संध्या 5 बजे से संस्था के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। 17 अप्रैल बुधवार को पड़ने वाली रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम व माता की विशेष महाआरती के पश्चात माता की ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया जाएगा। इसके अलावा 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर पूजा पाठ के अलावा हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा चन्नूज, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, श्रीगुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगणों ने आम श्रद्धालुओं से अपेक्षा की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में माता का दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त करें। इसके अलावा संस्था ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## केजरीवाल ने तानाशाही ताकतों को ललकारा : सुनीता केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति के रोम रोम में देशभक्ति है और उन्होंने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है। सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि गुरुवार को श्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। पूरे देश ने सुना। अगर किसी ने अरविंद केजरीवाल के कोर्ट में रखा गया पक्ष नहीं सुना है तो वो जरूर सुनें। उन्होंने कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। अरविंद केजरीवाल सच्चे देशभक्त हैं। बिल्कुल ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी भी अंग्रेजों की तानाशाही से लड़ते थे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी हुई है। अरविंद केजरीवाल ने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है। उन्होंने दिल्लीवालों से कहा कि आपने अरविंद केजरीवाल को अपना भाई-अपना बेटा कहा है। क्या इस लड़ाई में आप अपने भाई-अपने बेटे का साथ नहीं देंगे। हमें पूरा विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे। सुनीता केजरीवाल ने दो वाट्सएप नंबर 8297324624 और 9700297002 जारी किया। उन्होंने कहा कि आज से हम एक अभियान शुरू कर रहे हैं। इस अभियान का नाम 'केजरीवाल को आशीर्वाद' है। इस वाट्सएप नंबर पर श्री अरविंद केजरीवाल को आप अपना आशीर्वाद, शुभकामनाएं, दुआएं व प्रार्थना भेज सकते हैं। अगर कोई और भी संदेश देना चाहें तो वो भी दे सकते हैं। दिल्ली में कई माताओं ने तो अपने बेटे के लिए मन्नत मांगी है। कई बहनों ने भी अपने भाई के लिए मन्नत मांगी है। वह भी दिए गए वाट्सएप नंबर पर लिखकर अपना संदेश भेजें। उन्होंने कहा कि आपको संदेश भेजने के लिए आप का सदस्य होने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी पार्टी से हों या नहीं हों, आप श्री अरविंद केजरीवाल को संदेश जरूर भेजें।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन आज : सभी जिले में विरोध करेंगे कार्यकर्त्ता, आईटी के नोटिस का विरोध





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी कल प्रदेश भर में बड़ा प्रदर्शन करने वाली है। कांग्रेस पार्टी के ऊपर इनकम टैक्स विभाग द्वारा 1823.08 करोड़ रू. जमा करने की नोटिस के विरोध में सभी जिलों में बड़ा प्रदर्शन करने वाली है। इसके लिए सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। कांग्रेस का कहना है कि आयकर विभाग ने कांग्रेस के खिलाफ अवैध आयकर लगाने के लिए कांग्रेस के आठ साल के आयकर रिटर्न को आधारहीन, निर्मित आधार पर फिर से खोल दिया गया है। यह लोकतंत्र के सिद्धांतों पर एक जबरदस्त हमला के अलावा और कुछ नहीं है।

**मशाल जुलूस निकाल कर करेंगे विरोध-** पार्टी ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से मशाल जुलूस के साथ विरोध-प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया है। साथ ही, अगले दिन, स्थानीय वरिष्ठ नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों को शामिल करते हुए, हमारी पार्टी के उम्मीदवारों के नेतृत्व में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाना है।

**केंद्र सरकार की तानाशाही-** नोटिस को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा की केंद्र सरकार की तानाशाही बताया है। देश में लोकसभा चुनाव के समय प्रमुख विपक्षी दल को संसाधन विहीन करने की भाजपा की केंद्र सरकार की साजिश है। मोदी को यह पता चल चुका है कि उनके खिलाफ देश में माहौल है उनकी विदाई की बेला नजदीक आ गयी है तो विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये इनकम टैक्स विभाग को आगे कर दिया गया।

**भाजपा चुनाव से पहले कर रही षड्यंत्र-** बैज ने बीजेपी और केंद्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया, डर और लालच से नेताओं की खरीद फरोख्त की और जो नेता नहीं झुके उनके ऊपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेंसियों का अंकुश लगाया, उसके बाद अब जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आयकर विभाग का दुरुपयोग कर रही है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने इन सीटों के लिए मतदान का समय किया निर्धारित




**रायपुर.** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत द्वितीय चरण में राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित किया है. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राजनांदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. राजनांदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मोहला-मानपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा. इसी प्रकार महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, राजिम, कुरूद और धमतरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 9 मतदान केन्द्रों के लिए सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा. बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष मतदान केन्द्रों के लिए मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा. कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिहावा, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा.

## रेत माफियाओं का आतंक जोरो पर परिवहन एवं भण्डारण नियम 2009 की धज्जियां उड़ा रहे खनिज चोर

### जिला कलेक्टर व जिला खनिज शाखा के अधिकारी की उदासीनता के चलते खनिज चोरों के हौसले है बुलंद?

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने ब्लाक मुख्यालय छुरिया व आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों राजस्व अमला काफी सुस्त नज़र आ रहा है। जिसका फायदा छुरिया नगर व ग्रामीण इलाको में मौजूद खनिज चोर इसका भरपूर फायदा उठा रहे है। खनिज चोरी या खनिजों के अवैध भण्डारण के मामलों में राजस्व अधिकारियों को सूचना देने के लिए 9892437635 इस नंबर पर कितने बार फोन लगाया जाता है लेकिन विभागीय क्षेत्र अधिकारी फोन उठाने की जहमत ही नहीं समझते । इस नंबर को दिखाना इस लिए आवश्यक है कि विभागीय कर्मचारी कितने व्यस्त रहते हैं कि अलग-अलग दिन में भी फोन लगाया गया एक बार भी फोन नहीं उठाया गया ऐसे में क्षेत्र में हो रही खनिज संपदा के नुकसान के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार कौन? जिसके चलते ही मानों इन खनिज चोरों पर कार्यवाही नही होती क्यों की राजस्व अधिकारी अपना पल्ला झाड़ते हुवे जिला खनिज शाखा के अधिकारियों को संपर्क करने की बात कहते है । और ऐसा नहीं की जिला खनिज शाखा के अधिकारियों को क्षेत्र में हो रहे खनिज चोरी की जानकारी नहीं। जिसके बाद भी उनके द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही खनिज चोरों पर नही की जाती है। जिससे ही कहा जा सकता है ऐसे रेत, मुरुम, माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र में घुमकर अगर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी देखें तो कितने जगह अवैध रूप से रखे रेत का भंडारण मिल सकता है। सूत्रों के व्दारा बताया गया कि क्षेत्र के खनिज विभाग







कर्मचारी व जिला खनिज अधिकारी के सांठ-गांठ के चलते खनिज चोरों से साठगाठ कर अपनी जेब गरम करते है? जिसके चलते ही कह सकते हैं क्षेत्र पर नजर कमजोर पड़ती है। इसी प्रकार क्षेत्र में कार्यवाही को लेकर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है कि आखिर खनिज विभाग इतने गहरे निंद्रा से कब जागकर खनिज संपदा को नुक़सान होने से बचायेगी? जबकि इसका जीता जागता उदाहरण है लाल ईंट भट्ठे जो वर्षों से हर साल लाखों ईंट बनाकर खनिज संपदा को नुक़सान पहुंचाकर पर्यावरण दूषित कर रहे हैं उनपर भी अबतक कोई कार्रवाई नजर नहीं आई ऐसे में जिला कलेक्टर की उदासीनता ही कहें कि ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नही होती जिसके कारण जिले भर में खनिज चोर बेखौफ होकर खनिजों की अंधा धुन चोरी हो रही है। छुरिया ब्लाक के अंतर्गत आने वाले कुछ ग्राम पंचायत जहां बेधड़क बैखौफ होकर लाल ईंट भट्ठा संचालित है जिसमें बागव्दार, गोपालपुर, छुरिया क्षेत्र के भितरी ईलाके में ,एवं चिरचिरी, चिचोला, पाटेकोहरा, व अन्य क्षेत्रों के नुक्कड़ चौक चौराहे में खनिजों के अवैध भण्डारण बड़ी मात्रा में देखने को मिलता है? पर खनिजों के अवैध भण्डारण राजस्व अमला को नज़र नही आता है, राजस्व विभागों की कार्यवाही सिर्फ कमजोर लोगो पर ही होता है ऐसा प्रतीत होता है? जिससे साफ इंकार नहीं किया जा सकता कि कुछ इस प्रकार कार्य कर रहा तहसील छुरिया का राजस्व व खनिज विभाग?

# जनता के दिल में मोदी,मोदी के दिल में जनता, इसलिए सब कह रहे अबकी बार 400 पार - नीलू शर्मा

## जूट उद्योग और बीएनसी मिल कहां खुला भूपेश बताएं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने आज लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार करते हुए कहा कि कांग्रेस की देश में अपनी कोई साख नहीं बची हैं,झूठ परोसने की फितरत में ही कांग्रेस पार्टी अग्रणी हैं, जिस प्रकार 2018 विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता को झूठे वायदे और गंगाजल की कसम खाकर कांग्रेस पार्टी ने छला था, उसी प्रकार इस लोकसभा चुनाव में देश की जनता को 05 न्याय की गारंटी दे रही है, जो महज फिर चुनावी जुमला है,देश में सिर्फएक ही गारंटी चलती हैं और वो है मोदी जी की गारंटी। मोदी जी की गारंटी के आगे सभी की गारंटी कहीं भी नहीं टिकतीं हैं। अपने अस्तित्व की तलाश में भटक रही कांग्रेस पार्टी को देश की जनता से इस तरह के झूठे वादे नहीं करना चाहिए... ? 50 वर्षों तक देश में राज करने वाली कांग्रेस पार्टी सिर्फ गांधी परिवार की सेवा , सत्कार में लगी रही। जनता के दु:ख - तकलीफों से इनका कोई सरोकार नहीं रहा.... ? सत्ता सुख भोगते - भोगते कांग्रेसी शायद यह भूल गए कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन हैं, कभी लोकसभा में चार सौ सीटें जीतने वाली कांग्रेस आज दहाई के आंकड़े तक सिमट कर रह गई है। देश ने दस साल यूपीए सरकार के शासन को भी देखा है जब सारे फैसले दस जनपथ से पूछकर लिए जाते थे।श्री शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार और घोटालों में कांग्रेस के सारे बड़े नेता लिप्त रहे। आखिर किस मुंह से कांग्रेस देश की जनता ?के पास वोट मांगने जाएगी। क्योंकि कांग्रेस के पास न कोई नीति है और न ही विकास कार्य करने की नियत ....? वर्ष 2014 का वो स्वर्णिम काल आया जब एक गरीब मां का बेटा नरेन्द्र मोदी भारत देश का प्रधान सेवक बना और देश आज सफलता की ऊंचाईयों को छू रहा हैं यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की ही नितियों का ही असर है कि आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं और बहुत जल्द तीसरे पायदान पर पहुंच जाएंगे और भारत देश विश्व गुरु बनेगा। क्योंकि देश की जनता यह अच्छी तरह से जानती है कि मोदी जी जो कहते हैं उसे जरूर पूरा करते हैं। आज जब कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व को तलाश रही हैं और जब मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी का अकेले मुकाबला नहीं ?कर पायी तो सारे भ्रष्टाचारियों को ?अपने साथ लेकर इंडी ( घमडिया) गठबंधन बना लिया। सारे विरोधी एक हो गए और इनके गठबंधन में ही कुर्सी को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। अभी चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी है और साथ ही कांग्रेस पार्टी ने राजनांदगांव से कांग्रेस ने भूपेश बघेल को अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाया है । भाग्य की विडंबना देखिए की विधाता ने राजनांदगांव की जनता को भूपेश बघेल को जवाब देने का अवसर प्रदान किया है क्योंकि राजनांदगांव की जनता जानती है कि 15 वर्षों में रमन सरकार ने पूरे छत्तीसगढ़ का विकास किया परंतु 5 सालों में भूपेश बघेल ने प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया । आज देश का समग्र विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है,भाजपा ने आदिवासी राष्ट्रपति,आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया साथ ही जनजाति मंत्रालय भी छत्तीसगढ़ निर्माता परम श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने बनाया, भूपेश बघेल ने 05 सालो में छत्तीसगढ़ में शराब परोसने का ही कार्य किया और कांग्रेस सरकार में शराब घोटाला भी हुआ, यह राजनांदगांव की जनता भूल कैसे सकती है, राजनांदगांव में भूपेश बघेल ने सार्वजनिक मंच से कहा था कि कांग्रेस बीएनसी मिल की जगह जुट का बड़ा उद्योग खोलेगी, आज दिनांक तक भूपेश ने बीएनसी मिल को पलट कर नहीं देखा और तो और जो कार्य राजनांदगांव में चल रहे थे, उन्हें भी रोक दिया गया, जिन कार्यदेश में आर्डर हो चुका था, फंड जा चुका था, वह सारा फंड लौटाया गया, राजनांदगांव के साथ भूपेश बघेल ने सौतेला व्यवहार किया था,जिसे राजनांदगांव की जनता कभी नहीं भूल सकती,इसलिए इस बार ईश्वर ने राजनांदगांव की जनता को भूपेश से बदला लेने का अवसर प्रदान किया है, शर्मा ने जोर देकर कहा की देश के लोग मोदी जी को जिताने के लिए संकल्पित हो चुके है ,इसलिए मोदी जी को जिताने के लिए संतोष पांडे को 26 अप्रैल को भाजपा पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजय दिलाने की अपील नीलू शर्मा ने की और मोदी सरकार द्वारा आदिवासियों एवं मोहला मानपुर के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को भी गिनाया। इस दौरान भारी संख्या में समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## आचार संहिता के दौरान राशन बंद का अपवाह भूपेश बघेल के खिलाफ थाने में हुई शिकायत

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश भर में लोकसभा निर्वाचन 2024 के चलते आचार संहिता लागू है। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य में भी



आचार संहिता का बखूबी पालन कराने शासन प्रशासन ने कमर कस ली है। किंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश के पुर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल आचार संहिता का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। भूपेश बघेल के द्वारा फेसबुक के माध्यम से प्रदेश में राशन बंद होने का झूठा अफ्वाह फैलाया गया है। जबकि ऐसा कतई नहीं है। आज भी प्रदेश भर में बीपीएल और एपीएल राशन सुचारू रूप से बांटी जा रही है। आचार संहिता के दौरान इस तरह के अफ्वाह को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस विषय को संज्ञान में लेते हुए युवा कार्यकर्ता दिग्विजय मिश्रा जितेंद्र वर्मा ने भूपेश बघेल के खिलाफ पुलिस थाना डोंगरगांव में ज्ञापन सौंप कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

## आज से डोंगरगांव में क्या शिकायत झांकी एवं सांस्कृतिक लोक कला महोत्सव शुरू

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3,5, 6 ,जय मां दुर्गा मंदिर जैतखाम चौक त्रिवेणी संगम स्थल सेवतापारा डोंगरगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 और 31 मार्च को दो दिवसीय जस गायन झांकी एवं सांस्कृतिक लोक कला महोत्सव का आयोजन शनिवार से शुरू होगा इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है जिनमें संरक्षक हेमंत चोपड़ा भारत साहू दिसंबर यादव लोकेश सोनकर केजन साहू भुनेश्वर सोनकर अध्यक्ष भोलाराम साहू उपाध्यक्ष सुगंध साहू सचिन पुरुषोत्तम यादव सहसचिव गौरव कुमार कोषाध्यक्ष दिनेश नेताम को बनाया गया है आयोजन समिति जय मां सरस्वती शारदा जस परिवार के सदस्यों ने बताया है कि दो दिवसीय लोक कला महोत्सव में पुरस्कार क्रमश: 7001 रुपए से 3001 रुपए नगद और प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया जाएगा दो दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त जस गायन झांकी मंडली और सांस्कृतिक लोक कला महोत्सव के टीम को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## सिन्हा कलार समाज तहसील स्तरीय बैठक एवं होली मिलन कल

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का तहसील स्तरीय बैठक एवं होली मिलन समारोह 31 मार्च दिन रविवार को 11 बजे सिन्हा भवन डोंगरगांव में रखा गया है मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया है कि सर्वप्रथम देव पूजन के साथ प्रारंभ उसके पश्चात उक्त बैठक में आवेदन पर चर्चा सामाजिक चिन्तन कार्यक्रम रखा गया है तहसील के मंडलेश्वर भागवत सिन्हा ,कोषाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, सचिव गोकुल सिन्हा, जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा उपस्थित रहेंगे आप सभी स्वाजातीय बंधु अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस कार्यक्रम को सफल बनाये।

## आईडीएएस प्रवीण रंजन व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव हेतु भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारी (आईडीएएस) श्री प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन नवीन विश्राम गृह में रूके हुए हैं। अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रत्याशी, आम जनता उनसे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालयीन समय में मिल सकते हैं। उनका मोबाईल नंबर 76470-42593 है। उनके लाईजनिंग ऑफिसर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चंद्राकर है।

**शुभांक**

**6-7-9**

**677-0 990-8**

**भाग्यांक**

**366-5 140-5**

## गांव-गांव में शत प्रतिशत मतदान करने लिया जा रहा संकल्प

### लोकसभा निर्वाचन-2024: - महिलाओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए लिया गया मतदाता शपथ एवं संकल्प







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए गांव-गांव में ग्रामीणों द्वारा संकल्प लिया जा रहा है। मनरेगा कार्य क्षेत्र में भी महिला मजदूरों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ ली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परसबोड, तिलई, भाठागांव, भेड़ीकला, परेवाडीह, कांकेतरा, बघेरा, जराही, कलडबरी सहित विभिन्न ग्रामों में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप कार्यक्रम में बिहान की महिलाओं एवं मनरेगा महिला मजदूरों को लोकतंत्र में संसद की भूमिका एवं महत्ता के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता शपथ एवं संकल्प लिया गया।

## महतारी वंदन योजना के नाम पर आचार संहिता का उल्लंघन : कुसुम दुबे

### कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी से भाजपा व छग सरकार में हड़कंप



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं खैरागढ़ विधानसभा महिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती कुसुम रूपेश दुबे ने भाजपा एवं छत्तीसगढ़ सरकार पर आचार संहिता का उल्लंघन संबंधी शिकायत निर्वाचन आयोग के समक्ष की है।

श्रीमती दुबे ने भाजपा को घेरते हुए कही कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद कांग्रेस द्वारा छग में लागू की गई जनहितकारी योजनाओं को बंद करने का जो घिनौना खेल भाजपा खेल रही है, वहीं अपनी खुद की योजनाओं के साथ ही साथ निर्णय के क्रियान्वयन पर असफल प्रमाणित हो गई है, क्योंकि विधानसभा चुनाव में हर विवाहित महिला को महतारी वंदन योजना का लाभ देने के नाम पर वोट लेने वाली भाजपा इस योजना को लागू करने में पूरी तरह से असफल रही और महिलाओं को केंद्र द्वारा उज्वला योजना के बाद राज्य में महतारी वंदन योजना के नाम पर धोखा देने वाली डबल इंजन की सरकार साबित हो गई है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा नारी न्याय गारंटी की घोषणा के बाद छग की भाजपा और राज्य सरकार में हड़कंप मची हुई है और अपनी हार की सुनिश्चितता को देखते हुए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए आचार संहिता लागू के दौरान महतारी वंदन योजना राशि देने की तिथि में बदलाव सहित अपात्र को पात्र कर आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। श्रीमती दुबे ने आगे कही कि महतारी वंदन योजना प्रारंभ से ही महिलाओं के साथ-साथ आंगनबाड़ी की बहनों के लिए परेशानी देने वाली योजना बन गई थी, जहां महिलाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में फंसी रही, वही दावा आपत्ति के लिए मात्र दो दिन का अल्प समय देकर के दावा आपत्ति निराकरण करने में भी छग सरकार पूरी तरह असफल रही और बहुसंख्यक महिलाएं इस योजना से वंचित हो गई सरकार पात्र अपात्र का चयन भी तय नहीं कर पाई थी। आचार संहिता लगने के पूर्व लगभग एक माह तक सरकार दावा-आपत्ति निराकरण सहित त्रुटि सुधार के मामले में सोए रही और आचार संहिता लगने नामांकन प्रक्रिया प्रथम चरण का समाप्त होने द्वितीय चरण का प्रारंभ होने के बाद अपनी असफलता को छिपाते हुए शासकीय साइड को खोलकर कर महिलाओं का वोट लेने के लिए यह काम कर रही है, जो आचार संहिता का खुला उल्लंघन है, ऐसी स्थिति में मामले का संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## कायस्थ समाज ने की भाई दूज पर विशेष पूजा अर्चना

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** होली पर्व के पश्चात भाई दूज के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर में विशेष



पूजा अर्चना की गयी। विशेष आरती आयोजित कर कायस्थ समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर रंगों के पर्व होली की बधाई दी। इस दौरान कायस्थ समाज के संरक्षक ए. के. बख्शी अध्यक्ष फणेन्द्र श्रीवास्तव राजकुमारी बख्शी सुरेन्द्र श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव धर्मेंद्र गोमास्ता अरूण श्रीवास्तव सुधा श्रीवास्तव किरण श्रीवास्तव सरिता श्रीवास्तव संदीप गोमास्ता राजेश श्रीवास्तव दीपेंद्र गोमास्ता प्रशांत श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव संजीव गोमास्ता रितेश सक्सेना रत्नेश श्रीवास्तव विवेक श्रीवास्तव मनीष गोमास्ता स्वधा अक्षत सहित बड़ी संख्या कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व के संबंध शहर से लेकर गांव-गांव में स्वीप संगोष्ठी







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में शहर से लेकर गांव-गांव में स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व के बारे में लगातार बताया जा रहा है। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मतदाता जागरूकता ग्रुप के माध्यम से गांव-गांव में बैठक लेकर स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप संगोष्ठी में नागरिकों को बिना डर, भय, प्रलोभन के लोकतंत्र के पर्व में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

जागरूक नांदगांव के अब एके पहचान, शत प्रतिशत होही मतदान के आधार पर स्वीप संगोष्ठी नगर पालिक निगम के सभाकक्ष, शहर के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भेड़िकला, बघेरा एवं कलडबरी में आयोजित हुई है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में करेंगे शत-प्रतिशत मतदान की ओर नारा देकर मतदान के दिन मतदान केन्द्र में आकर अपना वोट अवश्य करने हेतु लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर मतदान की ओर बढने् के लिए जिले द्वारा प्रयास किया गया। स्वीप संगोष्ठी में पंचायत सचिव या वार्ड प्रभारी बीएलओ के साथ उन सभी लोगों को लोकसभा चुनाव का महत्व समझाया जाता है। कार्यक्रम में सभी लोगों को मतदान के लिए मतदाता शपथ लेकर संकल्प पत्र हस्ताक्षर किया गया।

## ज्ञान मंथन

*1) ब्यूफ़ोर्ट स्केल किसका मापक है?*
*2) किस महासागर का सर्वाधिक विस्तृत महाद्वीपीय ढाल क्षेत्र है?*
*3) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्य रखें, यह उपबंध किसमें किया गया है?*
*4) किस ब्रिटिश प्रधानमंत्री द्वारा 8 नवम्बर, 1927 को सर जॉन साइमन की अध्यक्षता में एक सांविधानिक आयोग (प्रचलित नाम साइमन आयोग) की नियुक्ति की घोषणा की गई थी?*
*5) नरगिस मोहम्मदी को शांति के क्षेत्र में वर्ष 2023 का नोबेल पुरस्कार मिला है, जो यह सम्मान पाने वाली अब तक की कौनसी महिला है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) पवन दिशा (2) आर्कटिक महासागर (3) मूल कर्तव्य (4) स्टेनली बाल्डविन (5) 19 वीं

### छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन में आज दोपहर दो बजे से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के द्वारा 30 मार्च शनिवार को रंग पंचमी के शुभ अवसर पर कौरिनभांठा स्थित छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन मे दोपहर दो बजे से होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया है। इस शुभ अवसर पर सभी छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मणों से निवेदन है, अधिक से अधिक संख्या मे पूरे परिवार सहित पधारकर कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने की कृपा करें। उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष शरद तिवारी ने दी।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के लिए राजनांदगांव जिला कार्यालय में होगा नामांकन दाखिला

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अधिसूचना का प्रकाशन होने के बाद राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के लिए राजनांदगांव के जिला कार्यालय में नामांकन दाखिला तथा निर्वाचन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने लोकसभा निर्वाचन के समय सारणी के बारे में विस्तारी से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के लिए राजनांदगांव जिला कार्यालय में नामांकन दाखिला होगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए गुरूवार 28 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे अधिसूचना का प्रकाशन किया गया। इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार 4 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 पूर्वान्ह 11 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी। पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा।



### निधन

**बलदेव प्रसाद गंगबेर**

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान के सम्मानित सदस्य और ग्राम मनेरी के नवोदित व्याख्याकार भाई हरेंद्र साहू के दादाजी और मनोज गंगबेर के पिताजी बल्देव प्रसाद गंगवेर का 29 मार्च शुक्रवार को शाम 5.00 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मनेरी में 30 मार्च को प्रात: 10.00 बजे मनेरी के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# बागेश्वर धाम में होली मिलन पदयात्री सेवा हेतु बैठक

## हनुमान जयंती शोभायात्रा के व अन्य समाजसेवको के आतिथ्य में सम्पन्न







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी में पदयात्री सेवा की अग्रणी कार्य करने हेतु श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में बैठक हुई। भगवान पंचमुखी श्री बागेश्वर महादेव के साथ होली उत्सव मनाया गया।

ज्ञातत्व है कि संस्कारधानी को धर्म सेवा क्षेत्र में अनवरत रूप से सेवा कार्य में संलग्न संस्थाओ श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट,श्री बालरत्न सेवा समिति,दिया संगठन गायत्री परिवार व नगर की अन्य लगभग 15 संस्थाओ, समाजो द्वारा नवरात्रि में दूरस्थ अंचलों से आने वाले पदयात्रियो की सेवा हेतु सामूहिक सेवा से पदयात्री सेवा पंडाल श्री बागेश्वर धाम मंदिर के उत्सव भवन में लगाया जाता है। जिसकी जानकारी देते हुए सेवको पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, योगेश साहू, सूरज गुप्ता ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री बागेश्वर महादेव शिव परिवार को गुलाल लगाकर पूजन कर होली मिलन व बैठक का प्रारंभ हुआ।कार्यक्रम में नगर की सुप्रसिद्ध हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा आयोजन समिति के सेवकगण अध्यक्ष झम्मन देवांगन, सतीश वैष्णव (राजू भाई), राजेन्द्र यादव, आनंद वर्गिस (उपभोक्ता फोरम सदस्य) विवेक शुक्ला अमलेंदु हाजरा, हेमन्त वैष्णव, अधिवक्तागण, राजेश शर्मा (पूर्व सैनिक संघ) मनोज बैद (अध्यक्ष सकल जैन समाज)शरद गुप्ता (कसौंधन वैश्व समाजअध्यक्ष)के आतिथ्य में हुआ। सभी उपस्थित समाज सेवको व अतिथियो द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई, इस अवसर पर बागेश्वर धाम सेविका श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, श्रीमती कांति मौर्य व श्रीमती छाया तिवारी व अमलेंदु हाजरा द्वारा होली गीत,कविता हास्य, व्यंग्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी दर्शन जाने वाले दूरस्थ अंचल व अन्य प्रदेशो से आने वाले पदयात्रियो की सेवा हेतु अतिथियों झम्मन देवांगन आनंद वर्गीस राजेश शर्मा,महेन्द्र लोधी(अध्यक्ष जीवनदान सेवा संस्था) मनोज बैद व विजय गुप्ता,प्रज्ञा गुप्ता, मौसमी शर्मा, आशा गुप्ता, संदेश जैन, मधु खंडेलवाल, मनीष यादव आदि ने अपने विचार प्रकट किये। बैठक का संचालन पंकज गुप्ता व आभार प्रदर्शन सौरभ खंडेलवाल ने किया ।बागेश्वर धाम आयोजित होली मिलन समारोह व पदयात्री सेवा पंडाल की बैठक में प्रमुख रूप से संजय लडवन, लक्ष्मी गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, संदीप सोनी, महेश शर्मा, रंजना शर्मा, कृष्णकांत तिवारी,मनीष यादव, मनीषा श्रीवास्तव, दुनिशा श्रीवास्तव, प्रतिभा खंडेलवाल, मधु खंडेलवाल, रूपा गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, कैलाश गुप्ता (अग्रहरि) सुखमन पुरोहित,अजय गुप्ता, लोकेश अग्रवाल,गोविंद नारायण गुप्ता यशोदा गुप्ता आदि अन्य सेवक सेविका समाज सेवी बड़ी संख्या में शामिल थे। उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय गुप्ता, अजय गुप्ता बालरत्न सेवा मंच के मनीष यादव द्वारा विज्ञप्ति में दी गई।

# कांग्रेस हताशा व कुंठित मानसिकता से भरी हुई हैं - सुरेश एच.लाल

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के निर्वाचन अधिकर्ता व वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच. लाल ने काँग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के उस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है जिसमे श्री बघेल ने देशभर के सभी संसदीय क्षेत्रों में 375 से अधिक नामांकन भरने की अपील काँग्रेस कार्यकर्ताओं से की थी ताकि लोकसभा के चुनाव ई व्ही एम मशीन से न होकर मत पत्रों से हो श्री लाल ने काँग्रेस नेता के इस बयान को चुनाव की हताशा में प्रजातंत्र की सहज गति पर आरोप लगाने जैसा बताया हैं, भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी अनुसार श्री लाल ने राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की घोषित प्रत्याशी के दुर्ग मे दिए इस बयान की खिल्ली उड़ाते हुए कहा की एक लोकसभा क्षेत्र में 375 उम्मीदवार खड़ा करने का बयान देने वाले काँग्रेस के नेता यह भूल रहे हैं की देश भर की सभी लोकसभा सीटों पर जिस पार्टी को खड़ा करने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे है, उसके नेता के मुंह से यह बात शोभा नहीं देती, देश भर में कांग्रेस ले दे कर 300 प्रत्याशी भी खड़ा कर लें तो बड़ी बात होगी, श्री बघेल के 375 उम्मीदवार खड़ा करने का सिफूगा लोकतंत्र के प्रति दुराग्रह भाव एवं अराजकता के प्रति उनके मोह का नजरिया हैं, श्री लाल ने आगे कहा की अब तक कांग्रेस चुनाव परिणाम के बाद ई व्ही एम को दोष देती रही हैं, पर अब इस चुनाव में तो नामांकन के पूर्व से ही कांग्रेस के नेता ई व्ही एम पर ठीकरा फोड़ते दिख रहें हैं,यह च्नाच ना आये आँगन टेड़ाज्ज् की तर्ज का हैं,इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को पिछले चुनाव का आँकड़ा तक पहुँच पाना कठिन कार्य साबित होगा, श्री लाल ने आगे कहा कि लोकतंत्र एवं चुनाव प्रक्रिया के प्रति लोगों को भ्रमित करने के बदले कांग्रेस को स्वच्छ भाव से होने वाले चुनाव में प्रतिस्पर्धा करना चाहिए किन्तु वर्तमान में कांग्रेस हताशा व कुंठित मानसिकता से भरी हुई है।

***सफर नामा***

मैं लौट जाऊंगा
वापस न आऊंगा।
मेरी लौटने उम्मीद नही,
फिर ढूंढना कहीं नही।
यही तो जिंदगी है,
अंत लौटना नही।
जिन लम्हों को जिया हमनें,
दोबारा उसकी उम्मीद नही।
जिंदगी की सफर यहीं तक,
फिर यह तन मिले नहीं।।



गर्जेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3
राजनादगांव छ ग

# हेमा देशमुख ने की लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में वोट देने की अपील

### आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर के साथ का राजनांदगांव विधानसभा एवं नगर निगम वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर बैठक लिया - हेमा देशमुख







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव के विधानसभा एवं नगर निगम वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों ग्राम भर्रेगांव, जंगलेसर, एवं वार्ड लखोली में पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर के साथ लोकसभा प्रभारि रूप में सम्माननीय जनता एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर पूर्व छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी श्री भूपेश बघेल जी के पक्ष में वोट डालने की अपील किया साथ ही हेमा देशमुख ने कहा कि हमारी पूर्व सरकार छत्तीसगढ़ में किसानों को समर्थन मूल्य 2500रू दिया और वही छत्तीसगढ़ में अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूल एवं कॉलेज खुला, बेरोजगारों को बेरोज़गारी भत्ता 2500रू दिया, बिजली बिल हाफ किया, राजीव गांधी न्याय योजना के तहत 7000रू राशि दी गई, छत्तीसगढ़ महतारी के सम्मान के लिये छत्तीसगढ़ की परम्परा, रिती रिवाज,खान पान, खेल कुद को बढ़ावा दे रही है। हमारे प्रदेश की परम्परा विलुप्त प्राय हो गयी थी जिसे जन जन तक पहुचाने, माननीय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़ के हरेली, तीजा पोला, छेरछेरा, पुन्नी जैसे त्योहार को जोर शोर से मनाने के अलावा छत्तीसगढी खेल कुद बाटी, भौरा, पिट्ठूल, खो, कब्बडी, गेडी आदि से लोगों को जोडने छत्तीगढ़िया आलोपिंक की शुरूवात की। छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, चिला, फरा को गढ़कलेवा के माध्यम से प्रदेश के अलावा देश मे भी पहचान दिलाये। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय बघेल जी प्रदेश के हर व्यक्ति की चिन्ता कर उन्हें शासन की योजना का लाभ दे रहे थे। साथ ही कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी महालक्ष्मी नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, युवा न्याय, हिस्सेदारी न्याय योजना एवं महालक्ष्मी न्याय योजना के अंतर्गत हर गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए की राशि दी जाएगी और नोकरी में केंद्र सरकार में नई भर्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा एवं आगनबाड़ी मितानिन एवं मध्यान भोजन बनाने वाली दीदियों का मानदेय दोगुना करने की घोषणा की है यह सब योजनाओं के बारे में बताकर राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के समर्थन में वोट देने की अपील किया।

## धर्म समाचार....

# रंग पंचमी की पूजा में करें इन मंत्रों का जाप, पूरी होगी हर इच्छा




इस बार रंग पंचमी का पर्व 30 मार्च शनिवार के दिन मनाया जाएगा। भारत के कई हिस्सों जैसे मध्य प्रदेश महाराष्ट्र राजस्थान और गुजरात आदि में यह त्योहार मनाया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस तिथि पर देवी-देवता भी पृथ्वीलोक पर आकर रंग खेलते हैं। ऐसे में आइए पढ़ते हैं रंग पंचमी का शुभ मुहूर्त पूजा विधि और मंत्र।

कई राज्यों में चैत्र माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली पंचमी तिथि पर रंग पंचमी मनाई जाती है। यह पर्व होली के 5 दिन बाद मनाया जाता है, और इसपर होली की तरह ही रंग से होली खेली जाती है। माना जाता है कि इस तिथि पर देवी-देवताओं को रंग-गुलाल अर्पित करने से जीवन में आ रही कई समस्याओं से राहत मिल सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि रंग पंचमी पर किन मंत्रों का जाप लाभकारी हो सकता है।

**रंग पंचमी शुभ मुहूर्त**

चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि 29 मार्च को रात 08 बजकर 20 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं, यह तिथि 30 मार्च को रात 09 बजकर 13 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार, रंग पंचमी का त्योहार 30 मार्च, शनिवार के दिन मनाया जाएगा। इस दौरान देवताओं के साथ होली खेलने का समय सुबह 07 बजकर 46 मिनट से सुबह 09 बजकर 19 मिनट तक रहने वाला है।

पूजा विधि

रंगपंचमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाए। इसके बाद घर के मंदिर की सफाई करने के बाद एक चौकी बिछाएं। चौकी पर भगवान राधा-कृष्ण की तस्वीर या प्रतिमा घर के उत्तर दिशा में स्थापित करें। तस्वीर के पास ही तांबे के कलश को पानी से भरकर रख लें। इसके बाद राधा-कृष्ण को कुंकम से तिलक लगाएं और फूल माला पहनाएं। इसके बाद देवी-देवताओं को रंग अर्पित करें और गाय के घी का दीपक जलाएं। अंत में श्रद्धापूर्वक आरती करें। फिर आसन पर बैठकर मंत्रों का जाप करें।

करें इन मंत्रों का जाप

ओम ऐं ह्रीं श्रीं नमो भगवते राधाप्रियाय राधारमणाय गोपीजनवल्लभाय ममाभीष्टं पूरय पूरय हुं फट् स्वाहा।

श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय नम:' ओम कृष्णाय वद्महे दामोगराय धीमहि तन्ना: कृष्ण प्रचोदयात।

ओम प्रेमधनरूपिण्यै प्रेमप्रदायिन्यै श्रीराधायै स्वाहा।

देवकी सुत गोविंद वासुदेव जगत्पते! देहिमे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गत:!!' ओम् क्लीं कृष्णाय गोविंदाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।'? श्रीं श्रीये नम:

### सूर्य ग्रहण के दौरान जरूर रखें इन बातों का ध्यान, वरना शुरू हो जाएंगे बुरे दिन




ज्योतिषियों की मानें तो सूर्य या चंद्र ग्रहण के दौरान राहु का प्रभाव पृथ्वी पर अधिक रहता है। साथ ही नकारात्मक शक्तियां भी प्रभावी हो जाती हैं। अत: ग्रहण के दौरान अशुभ जगहों पर न जाने की सलाह दी जाती है। अनदेखी करने से सेहत पर व्यापक और प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा ग्रहण के दौरान कई अन्य बातों का भी ध्यान रखना चाहिए। सनातन पंचांग के अनुसार, 08 अप्रैल को चैत्र अमावस्या है। यह दिन खगोलीय दृष्टिकोण से बेहद खास है। इस दिन साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने वाला है। हालांकि, यह भारत में दिखाई नहीं देगा। ज्योतिषियों की मानें तो सूर्य या चंद्र ग्रहण के दौरान राहु का प्रभाव पृथ्वी पर अधिक रहता है। साथ ही नकारात्मक शक्तियां भी प्रभावी हो जाती हैं। अत: ग्रहण के दौरान अशुभ जगहों पर न जाने की सलाह दी जाती है। अनदेखी करने से सेहत पर व्यापक और प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, ग्रहण के दौरान कई अन्य बातों का भी ध्यान रखना चाहिए। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**इन बातों का रखें ध्यान-** सूर्य ग्रहण के दौरान भोजन न पकाएं और न ही प्राप्त करें। इस समय राहु के प्रभाव के चलते भोजन दूषित हो जाता है। अत: सूर्य ग्रहण के समय भूलकर भी भोजन न करें। इससे सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। सूर्य और चंद्र ग्रहण के समय मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। अत: ग्रहण के समय भूलकर भी प्रतिमा को स्पर्श न करें और न ही पूजा करें। अनदेखी करने से व्यक्ति को जीवन में विषम परिस्थिति से गुजरना पड़ता है। सूर्य ग्रहण के समय भूलकर भी रतिक्रिया में व्यस्त न रहें। ऐसा करना शुभ नहीं होता है। इस समय में गर्भ धारण करने से संतान के दिव्यांग पैदा होने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही जातक पाप के भी भागीदार होते हैं। शास्त्रों में निहित है कि ग्रहण के समय किसी भी व्यक्ति का दिल न दुखाएं। अगर अनजाने में किसी का दिल दुखा देते हैं, तो क्षमा याचना कर लें। साथ ही परिवार में भी शोर-गुल न करें। अनदेखी करने से व्यक्ति पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

nandgaon times march-30-2.qxd 3/30/2024 12:00 AM Page 4



क्रिकेट, हॉकी, जिम सहित सभी सामग्री उपलब्ध...
खेल सामग्री का विशाल संग्रह...
ट्रेक सूट एवं स्पोर्ट्स टी शर्ट की विभिन्न वैरायटियां उपलब्ध...
स्वाती स्पोर्ट्स
स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने, राजनांदगांव
बैट, बॉल, स्टम्प, हैड ग्लोब्स, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, थ्रो-बॉल, नेकर, क्रिकेट पैड, जूता सहित अन्य सामग्री उपलब्ध...
चिल्हर एवं थोक विक्रेता...
मो. 88393-71971, 80856-07480

# सड़क की आफत लोगों की बनी मुसीबत, विधायक की महत्वकांक्षी सड़क चौड़ीकरण योजना अब बन गई है हवाई महल

## पिछले 5 सालों में हो चुकी है 30 सड़क दुर्घटना, 6 से अधिक लोगों की हो चुकी है मृत्यु







**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव नगर स्थित मुख्य मार्ग अब हादसों का केंद्र बन चुका है वही विधायक की महत्वकांक्षी सड़क चौड़ीकरण योजना अब धरातल पर नजर नहीं आ रही केवल हवाई महल की ओर इशारा कर रही है वहीं अब आम जनों के बीच सड़क चौड़ीकरण कछुआ गति चाल से चल रहा है जो चर्चा का विषय बन गया है पिछले 5 सालों में 30 सड़क दुर्घटना और 6 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। राजनीतिज्ञों के करीबी होने के कारण सड़क चौड़ीकरण कार्य रुक रुक कर चल रहा है वही सत्ताधारी पार्टी के लोग कुछ दिन पूर्व भी उक्त चौड़ीकरण की गुणवत्ता को देखकर रोकने की कोशिश कुछ दिनों पहले रोकने टोकने का प्रयास भी किया था परंतु अब इस चौड़ीकरण को कोई भी जनप्रतिनिधि द्वारा रोक टोक नहीं किया जा रहा हैं जबकि 3 किलोमीटर बनने वाली सड़क की दशा और दिशा आप देखते ही समझ जाएंगे कि इस चौड़ीकरण रोड़ की गुणवत्ता कैसी है आप देखते ही बता सकते है इस मार्ग में चलने वाले आम नागरिको को वर्तमान में धूल से सराबोर होना पड़ रहा है इस मार्ग में चलने वाले नागरिकों को एक गमछा और चस्मा की जरूरत महसूस हो रही है इस मार्ग को बनाने वाले ठेकेदार सिर्फ सुपर वायकर के भरोसे से काम कर रहा है चौड़ीकरण मार्ग में धूल से कई लोगों को एलर्जी दमा जैसे बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं वर्तमान में सड़क के दोनो ओर गड्डे खोदकर छोड़ दिया है जिससे कई दुर्घटनाएं घट रही है

**यह है तीन प्रमुख डेंजर जोन**

01.राम द्वार बना डेंजर जोन-शहर के मुख्य मार्ग में बस स्टैंड से लेकर गौतम होटल राम द्वार तक सड़क में सर्वाधिक यातायात अव्यवस्थित रहता है जो हादसों का केंद्र बन गया है।

02.बगदई पुल के समीप पेट्रोल पंप है हादसों का केंद्र डोंगरगांव की शुरुआत बगदई पुल से होती है उसके समीप पेट्रोल पंप हादसों का केंद्र बन गया है वहीं दूसरी ओर बाजू में स्थित धर्म कांटा होने के कारण कभी कभी ट्रकों की लाइन लगी रहती है कुछ ही दिन पूर्व उक्त स्थान पर दो लोगों की सडक दुर्घटना में मृत्यु हुई थी।

03.करिया टोला मार्ग हादसों का केंद्र मुख्य मार्ग में

डोंगरगांव के अंतिम छोर पर बसा नगर पंचायत का वार्ड करियाटोला से लेकर गांधी पेट्रोल पंप तक आवागमन अत्याधिक होने के कारण हादसे आम बात हो चुके हैं इस मार्ग में कुछ दिनों पूर्व बागद्वार के दो लोगों की उक्त जगह में सड़क दुर्घटना से मत्यु हो गई थी।

**अब दुर्घटना पीड़ितों और नागरिक आंदोलन के मूड में**

चौड़ीकरण सड़क को लेकर दुर्घटना के पीड़ितों और नागरिकों के द्वारा कार्यपालन अभियंता एसडीओ पी डब्लू डी एवं संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की तैयारी में जुट गए हैं

**दोषी अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफहोगी कार्यवाही**

नगर में लंबे समय से 3 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण को लेकर भाजपा मंडल के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने आरोप लगाया है कि पूर्व में जब कांग्रेस की सरकार थी तब विधायक की संरक्षण में घटिया स्तर का कार्य हुआ है वर्तमान में इन ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है जिसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी और दोषी ठेकेदार के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सड़क चौड़ीकरण को लेकर एसडीएम मनोज कुमार मरकाम ने कहा होली के बाद अब सड़क चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र ही शुरू की जाएगी सड़क ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्वक और डी पी आर के अंतर्गत कार्य करने के लिए कहा गया है अगर कहीं पर रोड चौड़ीकरण की शिकायत आती है तो तो निष्पक्ष जांच कराएंगे

# नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार

**ठेलकाडीह (नांदगांव टाइम्स)।** नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाले युवक गिरफ्तार ठेलकाडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 मार्च को इसकी 12 साल की नाबालिग लड़की होली के दिन करीबन 4. बजे होली खेलने के लिए गांव में गई थी. गांव के ही युवक परमेश्वर वर्मा द्वारा पीड़िता को अपने पास बुलाकर पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करते हुये छेड़खानी करने लगा. कि प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना ठेलकाडीह में धारा 354, भादवि 8,10 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया. मामले की गंभीरता को को ध्यान में रखते हुये वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराने बाद एसपी त्रिलोक बसंल (आईपीएस), के निर्देशन में एडिशनल एसपी नेहा पाण्डेय एवं एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में टीआई ठेलकाडीह धर्मेन्द्र वैष्णव के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रकरण के आरोपी की पतासाजी के लिये रवाना हुआ आरोपी को उसके घर ग्राम ढाबा में दबिश देकर आरोपी परमेश्वर वर्मा पिता गोंविंद राम वर्मा उम्र 29 वर्ष ग्राम ढाबा थाना ठेलकाडीह जिला राजनांदगांव को हिरासत मे लिया गया. आरोपी को धारा 354 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट के धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया. पुरी कार्यवाही में टीआई धर्मेन्द्र कुमार वैष्णव, सउनि. सरस्वती नेताम, म.आर. बृजकुमारी दीवान, आर. अमर सिंह, शिवानाथ योगी का विशेष सराहनीय योगदान रहा.



**होली के दौरान रंग लगाने के बहाने नाबालिग बालिका से आरोपी कर रहा था छेड़छाड़**

**आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**

**जमीन व फार्म हाउस बेचना है**

खैरागढ़ से मात्र 6 कि.मी. दूर पक्की सड़क ग्राम कलकसा (दबका) में 8 एकड़ 60 डिसमिल (सामान्य) बेचना है। ग्राम गोपालपुर, ठेलकाडीह डामर रोड से लगा 4 एकड़ 10 डिसमिल (सामान्य) फार्महाउस जिसमें बोर, बाउंड्रीवाल कम्पलीट, मकान बना हुआ शीघ्र बेचना है।

संपर्क करें -
मो. 9424119832, 7000026607

**फर्नीचर बेचना है**

सोने चांदी के दुकान के लिए शो -केस, आलमीरा एवं सोफासेट, आदि समान बहुत ही कम रेट में शीघ्र बेचना है।

संपर्क करें -
लक्ष्मी ज्वेलर्स
भारतमाता चौक, राजनांदगांव
मो- 8319717200

# सरपंच के खिलाफजांच व कार्यवाही नहीं हुई तो किया जायेगा चुनाव बहिष्कार

## ग्रामीणों ने दी चेतावनी, मामला ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी का



**छुरिय (नांदगांव टाइम्स)।** लगातार दो वर्षों से ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के सरपंच के खिलाफ पंचायत के निर्माण कार्यो में गड़बड़ी एवं अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर जिला प्रशासन के समक्ष सैकड़ों शिकायत करने के बाद भी जांच कार्यवाही नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने प्रेसवार्ता में कहा कि एक सप्ताह के भीतर जांच कार्यवाही नहीं होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है ।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के सरपंच हेमसिंह निर्मलकर के खिलाफ उपसरपंच सुदरी बाई सहित अन्य ग्रामीणों ने 14 वें एवं 15 वें वित्त के कार्यों में फर्जी मस्टर रोल एवं फर्जी बिल व्हाउचर लगाने, साथ ही अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए पुलिया का निर्माण करने एवं नवीन धान खरीदी केन्द्र में नाबालिग से कार्य कराने, इसके अलावा अपने परिवार के सदस्यों का मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी भरना, फर्जी रूप से मुरूम, कचरा ढुलाई सहित अन्य कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज करायी गई थी । शिकायत पर जिला प्रशासन ने जांच दल गठित की थी । जिसमें छुरिया तहसीलदार विजय कोठारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आसराम कंवर, करारोपण अधिकारी प्रेमानंद रामटेके को जांच का जिम्मा सौंपा गया था । इसी के तहत 16 मार्च को प्रारंभिक जांच के लिए ये अधिकारी ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी पहुंचे थे जहां दोनों ही पक्षों से मौखिक चर्चा कर आगामी दिनों में जांच कार्यवाही किए जाने की बात कही गयी थी । लेकिन लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं होने से नाराज उपसरपंच सुंदरी बाई एवं चंद्रशेखर साहू, घासीराम पाल, सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रेसवार्ता कर शासन प्रशासन को एक सप्ताह के भीतर सरपंच के खिलाफजांच कर कार्यवाही नहीं करने पर आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किये जाने की अंतिम चेतावनी दी है ।

**भाजपा सरकार से उम्मीद**

प्रेसवार्ता में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि लगभग दो वर्षों से वे सरपंच के खिलाफ पंचायत के निर्माण कार्यों में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को लेकर शासन प्रशासन के समक्ष शिकायत करने के उपरांत भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई । जिले के कांग्रेसी नेताओं के संरक्षण के चलते मामले को दबा दिया गया जिससे ग्रामीण आज भी नाराज है । उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई सरकार बनने से हमें उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी ।

# महिला मोर्चा का होली मिलन रंगोत्सव का उत्साह दिखा

## ग्राम केकतीटोला में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के ग्राम केकतीटोला में जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित अन्य मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी शामिल हुए। नगाड़ों की थाप और रंगों की बौछार के बीच सभी ने एक-दूसरे से मिलकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। श्रीमती सारस्वत ने बताया कि-होली मिलन का कार्यक्रम 28 मार्च, गुरुवार को आयोजित था। ग्राम केकतीटोला में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में शामिल होने सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुटे थे। उन्होंने कहा कि-लोकसभा चुनाव में प्रचार अभियान में लगे हुए सभी पदाधिकारियों ने यहां होली मिलन के दौरान भी चुनावी रणनीति पर चर्चा भी की। इसके साथ ही लोक गीतों के साथ नगाड़ों की थाप पर जमकर होली मनी। इस कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत, जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष व जिपं सदस्य अरुण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुंजलता हरमुख, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ईश्वरी ध्रुवे, मंडल महामंत्री व जनपद सदस्य श्रीमती तीजन मानिकपुरी, श्रीमती उमा तिवारी, श्रीमती एकनंदा मिश्रा, श्रीमती लता मंडावी, श्रीमती श्यामा निवरे, पूर्व सरपंच श्रीमती करोंदा परतेती, श्रीमती मंजूलता परतेती, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर गुरले, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, गौरव शर्मा, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी गजेंद्र मंडल, सरपंच गोविंद नरेटी, शंकर मानिकपुरी सहित अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# आचार्य शंकर महाभाग का अवतार का प्रमुख प्रयोजन था वेदार्थ रक्षा - पुरी शंकराचार्य

अरविंद तिवारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाभाग आचार्य शंकर महाभाग के अवतार का प्रयोजन वेदार्थ रक्षा के संबंध में उद्धृत करते हैं कि आचार्य शंकर वृन्दावन क्षेत्र में स्तुति करते हैं कि जो श्रीहरि श्रीलक्ष्मी द्वारा आलङ्गित हैं, व्यापक हैं, सम्पूर्ण चराचर जिनका शरीर है, श्रुति सम्वेद्य हैं, सर्व बुद्धियों के साक्षी हैं, शुद्ध हैं, हरि हैं, दैत्य दलन हैं, कमल नयन हैं, शङ्ख - चक्र - गदा और विमल वन माला धारण किये हुये हैं और स्थिर कान्तिमय हैं ; वे शरणागत वत्सल, निखिल भुवनेश्वर श्रीकृष्णचन्द्र मेरे नेत्रों के विषय हों। सबके मन - प्राण आदि को अपनी सत्ता - चित्ता -- प्रियता तथा रूप माधुरी से समाकृष्ट करने वाले श्याम सुन्दर ! आप यदुवंश रूपी कमल को विकसित करने वाले सूर्य हैं। पृथ्वी, देवता, ब्राह्मण और पशुरूप समुद्र की वृद्धि करने वाले चन्द्रमा भी आप ही हैं। आप पाखण्डियों के कुचक्र रूप रात्रि का घोर अन्धकार नष्ट करने वाले सूर्य तथा चन्द्र - सदृश हैं। आप पृथ्वी पर रहने वाले राक्षसों के नाशक सूर्य तथा चन्द्र आदि देवों के परम पूज्य हैं। भगवन् ! मैं अपने जीवन भर महाकल्प पर्यन्त आपको नमस्कार करता रहूँ, ऐसी भावना है। गुरु, प्रभाकर, उदयन एवम् कुमारिल प्रभृति से अजेय खण्डनकार श्रीहर्ष को आचार्य ने वैदुष्य तथा



शास्त्रार्थ कौशल से अनुगत किया। तत्पश्चात् आचार्य शंकर ने कामरूप की यात्रा की। वहाँ उन्होंने ब्रह्मसूत्र पर शाक्त भाष्य के रचयिता अभिनव गुप्त से शास्त्रार्थ कर उन्हें अनुगत किया। अपने अनुगतों से मन्त्रणा कर द्वेषवश उसने पूज्य आचार्य की जीवन लीला समाप्त करने की इच्छा से कृत्या का प्रयोग किया। उत्तर भारत में निज भाष्य उत्कर्ष ख्यापित करने के अनन्तर आचार्य शंकर ने विदेह, कौशल, अङ्ग, बङ्ग तथा गौड़ देश (क्षेत्र) में शास्त्रार्थ समर में मुरारी मिश्र, उदयन, धर्मगुप्त मित्र आदि पर विमल विजयश्री प्राप्त की। सर्वथा विपरीत अर्थविद् बौद्धमत का दक्षता पूर्वक निराकरण कर विपुल यश प्राप्त अयथार्थ विद् भास्कर को भी वेद अर्थवित् करुणानिधि सर्वेषणा विनिर्मुक्त आचार्य प्रवर ने शास्त्रार्थ में पराजित किया। उनका उद्देश्य समग्र वेदार्थ को यथावत् ख्यापित कर सर्व सुखप्रद सनातन मार्ग को प्रशस्त करना था। तदर्थ सुदूर और सन्निकट - दोनों का निराकरण अनिवार्य था। शत प्रतिशत वेदार्थ की रक्षा उनके अवतार का प्रमुख प्रयोजन था। जिसका निर्वाह उन्होंने अद्भुत आस्था और दक्षता पूर्वक किया। द्वैत के निराकरण पूर्वक अद्वैत के प्रतिपादन से व्यावहारिक धरातल पर द्वैत का सदुपयोग और पारमार्थिक धरातल पर मोक्ष का योग सुगमता पूर्वक सधता है ; जबकि द्वैत और द्वैत गर्भित अद्वैत के प्रतिपादन से असत् में अभिनिवेश के कारण जन्म मृत्यु के अजस्त्र प्रवाहरूप संसृति चक्र का अनुवर्तन सुनिश्चित है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com